प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चंबर्स का किया उद्घाटन : कहा– न्यायपालिका हो या कार्यपालिका देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना मौलिक कर्तव्य।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी कार्यक्रम में हुए शामिल : मुख्यमंत्री ने कहा– बार और बेंच के साथ वादकारी की भूमिका अहम।
3. विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में 50 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य : केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल मेरठ में किसानों को करेंगे संबोधित।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में हुई बरसात से लोगों को गर्मी से मिली राहत : पांच जून तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान।

————————

भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने आज प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चंबर्स और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। इस

अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका दश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना मौलिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षो के कालखंड में ऐसे बहुत से कानून बनाये गये हैं, जिन्होंने देश में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में महती भूमिका निभाई है। कानूनों ने श्रमजीवी वर्ग और मजदूर वर्ग को भी सशक्त किया है। जस्टिस गवई ने कहा कि जनतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिये सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षो के दौरान संविधान के जरिये देश ने प्रगति की है और मजबूती से आगे बढ़ रहा है। बाइट....

*हमारा संविधान ऐसा संविधान है, जो संविधान हमारे देश को 75 वर्ष के शासन में एक प्रगति और एक मजबूती की ओर प्रगति कर रहा है। आज हम देखते हैं कि हमारे बाजू के देश है उनकी क्या स्थिति है और भारत आज 75 वर्ष बाद प्रगति की ओर बढ़ रहा है और जब देश पर संकट आये उस समय एक मजबूत देश बनकर आया है। इसका श्रेय अगर देना चाहिये तो भारतीय संविधान को देना होगा।*

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। कानून के शासन में बार और बेंच के साथ ही वादकारी के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। योगी ने कहा कि अधिवक्ता विपरीत हालात में काम करते हुए न्याय दिलाने के लिये संघर्षशील रहते हैं। उन्होंने कहा

कि राज्य सरकार अधिवक्ताओं के हित और कल्याण के लिये हर संभव कदम उठा रही है। बाइट.....

*अधिवक्ता निधि की राशि को हम लोगों ने डेढ़ लाख से बढ़कर 5 लाख कर दिया और आयु सीमा को भी 60 साल से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दिया। उसके लिए फंड बढ़ाकर हमने 500 करोड़ कर दिया उसके लिए न्यासी समिति इस पैसे का उपयोग समय–समय पर ऐसे ही अधिवक्ता के साथ कोई घटना दुर्घटना हो तो उसी परिवार को तत्काल उपलब्ध करा दे। अन्य सुविधाओं के साथ–साथ नये अधिवक्ताओं को पहले तीन वर्ष तक उनकी मैगजीन और अन्य पुस्तकों के लिये भी हम लोग सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। आज के इस अवसर पर राज्य सरकार की ओर से इस बात से आश्वस्त करता हूं आपके बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर* हमें साथ के लिये आश्वस्त करता हूं कि न्याय की गति इतनी ही तेजी से बढ़कर प्रगति को एक नया आयाम देती है।

समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ के सफल आयोजन के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की प्रशंसा की। 680 करोड़ रुपये की लागत से बनाये गये बहुउपयोगी भवन में अधिवक्ताओं को चैंबर, मल्टी लेविल पार्किंग और लाइब्रेरी सहित कई सुविधाएं उपलब्ध मिलेंगी।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल आगरा के एक दिवसीय दौरे पर होंगे। श्री धनखड़ वहां माता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

———————

केंद्र सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान–2025 के तहत राज्य के सभी जिलों में कृषक वैज्ञानिक की थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया रहा है। एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश के 75 जिलों में 10 हजार 125 कार्यक्रमों के जरिये 50 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 मई को लखनऊ स्थित लोक भवन में इस संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया था। अभियान के माध्यम से लैब टू लैंड को साकार करने कृषि संबंधी वैज्ञानिकों और अधिकारियों द्वारा नये शोध, नई प्रजाति तकनीक और किसानों के लिये संचालित योजनाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया जा रहा है। कृषक–वैज्ञानिक संवाद की थीम पर संकल्प अभियान के तहत 12 जून तक राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम चलाये जायेंगे। राज्य के कृषि निदेशक ने 38 अधिकारियों को नामित किया है, जो आवंटित जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे और अभियान के बाद वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के लिये सुझाई गई सिफारिशों को प्रस्तुत करेंगे। अभियान की कड़ी में कल मेरठ के दबथुआ स्थित गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाले संकल्प अभियान में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विदेशों में रह रहे लोग अब गर्व से कहते है कि वे भारतीय हैं। वह आज गौतम बुद्ध नगर में स्वदेशी पुनरुत्थान की दिशा में औपनिवेशिक बुनियादी ढांचे को खत्म करने के विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस देश की जड़ मजबूत होगी उसे कोई हिला नहीं सकता और वह देश विश्व गुरु बन सकता है।

——————————

आतंकवाद समाप्त करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में अपनी यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय वार्ता कर रहा है। इस कड़ी में, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आज कोलंबिया की उप विदेश मंत्री और एशिया–प्रशांत से जुडे उनके वरिष्ठ सहयोगियों से मुलाकात की।

——————————

राष्ट ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से

आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रंखला पेश कर रहा है। आज हम भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट....

*जनवरी 1923 में हिमाचल प्रदेश में जन्मे मेजर सोमनाथ शर्मा फरवरी 1942 में सेवा की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। मेजर शर्मा ने अक्टूबर 1947 में जब पाकिस्तान के कबालियों ने जम्मू कश्मीर पर हमला किया तो उन्होंने घाटी की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। 3 नवंबर को उनकी कंपनी को बडगाम के पास एक पोजीशन संभालने का काम सौंपा गया। उस दिन दुश्मन के लगभग सात सैनिकों ने अचानक हमला कर दिया। मेजर शर्मा जब दुश्मनों से लड़ रहे थे तभी उनके पास रखे गोला बारूद पर मोर्टार का एक गोला फट गया। इस हमले में युवा मेजर सोमनाथ शर्मा का कैरियर समाप्त हो गया। बडगाम की लड़ाई में मेजर शर्मा और उनकी कंपनी के 20 अन्य रैंकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। मेजर सोमनाथ शर्मा को उनके शानदार नेतृत्व और बहादुरी के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

प्रदेश के अलग–अलग सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गये हैं। हरदोई जिले के मझिला थाना इलाके के फतेहपुर गाजी के पास एक कार बेकाबू होकर पलट गई। इसकी वजह से कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उधर, बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद इलाके नेशनल हाईवे पर कार और ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर

होने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये।

—————————

प्रदेश में तेज धूप, भीषण गर्मी और उमस के बीच कई जिलों में रूक–रूक बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पांच जून तक गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना है। वहीं प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी अंचलों में कहीं–कहीं आज और कल झोंकेदार हवाएं और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

(समाप्त)